# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर, छ0ग0

## स्टेश्नरी सामग्री क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर में लगभग 6,00,000/– ( छः लाख रूपये) की ड्राइंग बोर्ड, इंजीनियरिंग इस्ट्रुमेंट बाक्स, सांइटिफिक कलकुलेटर, मिनीड्राप्टर ड्राईंगशीट, सेट स्क्वायर,रोल एण्ड ड्रा, फाइल फोल्डर, स्टेंसिल स्केल, कापी, ड्राईंग क्लिप, क्लिप फाइल आदि क्रय की जानी हैं, जिसके लिए मोहरबंद लिफाफे में निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत शर्तो व जानकारी के लिए निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र द्वारा नगद रूपये 500/–(रूपये पांच सौ रूपये मात्र) भुगतान कर अथवा "प्राचार्य शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर" के नाम में जगदलपुर में देय डी.डी. द्वारा भेजकर अथवा विभागीय वेबसाइट **www.gecjdp.ac.in** से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 27/09/2017 समय 12.00 बजे तक, निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि 27/09/2017 समय 15.00 बजे। तथा निविदा खोलने की तिथि 27/09/2017 समय 16.00 बजे रहेगा ।

22.08.17

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
जगदलपुर (छ0ग0)

## कार्यालय प्राचार्य , शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर, छ0ग0

क्र0 / शाइमज / एस0सी0 / एस0टी0शाखा / 2017–18 / / जगदलपुर, दिनांक / / 2017

**निविदा क्र0 / शाइमज / एस0सी0 / एस0 टी0शाखा / 2017 / 01 जगदलपुर**

**निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि :** 27 / 09 / 2017 **समय 15.00 बजे ।**

**निविदा खोलने की तिथि :** 27 / 09 / 2017 **समय 16.00 बजे।**

प्रति,

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

### ड्राइंग स्टेशनरी सामग्री क्रय हेतु निविदा प्रपत्र

(1) इस क्रय की अनुमानित लागत 6,00000 लाख (रूपये छः लाख मात्र) है व इस हेतु सुरक्षानिधि (रूपये 30,000 / – मात्र) को प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट अलग से लिफाफे में रखें व उसके उपर सुरक्षानिधि लिफाफा लिख कर फर्म की सील भी लगायें। यदि निविदाकार यह प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड करता है, तो रू. 500 / – के ''प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर'' के नाम जगदलपुर में देय डी.डी. को निविदा प्रपत्र के मूल्य के रूप में ''सुरक्षानिधि लिफाफा'' में रखें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उसने निविदा प्रपत्र विधिवत् रूप से क्रय नहीं किया है।

(2) एक अन्य लिफाफे में सूची में दिये गये सामग्रीयों के न्युनतम दर अंकित करें, व प्रपत्र में फर्म की मोहर व अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर होवें। अन्य समस्त दस्तावेज भी इसी लिफाफे में रखें, तथा इसे मोहरबंद कर सील करें। इस लिफाफे के उपर ''भाव पत्र लिफाफा'' लिखें।

(3) इन दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखकर सील बंद करे, व उपर दी गई निविदा क्रमांक, दिनांक, अंतिम तिथि एवं समय इत्यादि लिखकर रजिस्टर्ड पोस्ट, ए.डी. स्पीड पोस्ट अथवा पी. एंड टी. विभाग से अधिकृत कोरियर या व्यक्तिगत रूप से भेंजें। नियत तिथि तथा समय के उपरान्त प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(4) उपरोक्तानुसार कंडिका 1 व 3 का पालन न करने पर ''भाव पत्र लिफाफा'' नहीं खोला जायेगा।

(5) निविदाकार वाणिज्यकर विभाग का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें तथा TIN नम्बर भी अंकित करें।

(6) निविदाकार कहाँ से सामग्री प्रदाय करेंगें, इसका स्पष्ट उल्लेख करें।

(7) नियत तिथि व समय पर निविदायें क्रय समिति व उपस्थित निविदाकार, अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी, इस हेतु कोई पृथक आमंत्रण/सूचना नहीं दी जायेगी।

(8) साग्रीयों के क्रय आदेश प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर द्वारा जारी किये जायेंगे। सामग्री क्रय आदेश की तिथि से एक माह के भीतर में प्रदाय करना होगा अथवा 2 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ समयावधि केवल एक बार बढ़ाई जा सकेगी। तदुपरान्त भी सामग्री न प्रदाय करने पर सुरक्षा निधि से आदेश की कुल राशि अथवा प्रदाय न की गई सामग्री की कीमत का 3 प्रतिशत जप्त कर लिया जायेगा।

(9) सामग्रीयों की दरें निविदा खुलने की तिथि से 1 वर्ष तक मान्य होगी।

(10) कटी फटी; (Damaged) व पुराने सामग्री स्वीकार नहीं की जायेगी, उन्हें विक्रेता को उन्ही के खर्च पर वापस कर दिया जायेगा।

(11) क्रय के लिए आदेशित सामग्री निर्धारित तिथि तक संबंधित संस्था में पहुंच जानी चाहिए। जिन सामग्री का आदेश किया गया है, वे ही सामग्री स्वीकारी जायेंगी।

(12) यदि सामग्रीयों पर विक्रय मूल्य अंकित न हो, तो उनके मूल्य का समुचित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। एवं प्रत्येक देयक में यह प्रमाणित करना होगा कि सामग्री न्युनतम दर की हैं, व उनका मूल्य निर्माता द्वारा घोषित, सही मूल्य है। देयक भारतीय मुद्रा में ही स्वीकार होंगे।

(13) विदेषी मुद्रा विनिमय दर "Good Office Committee" द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाती है, व विदेशी सामग्री के मूल्य हेतु वे ही दर मान्य होगी। निविदा के साथ उसका पत्र भी संलग्न करें, यदि दरें परिवर्तित होती हैं तो देयक के साथ उसका प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

(14) किसी भी विवाद की स्थिति में छ0ग0 शासन के भण्डार क्रय नियम 2002 व अन्य संशोधन संदर्भ रहेंगे किन्तु आदेशकर्ता का निर्णय अंतिम होगा। न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र वहीं ही होगा जहां आदेशकर्ता की संस्था स्थित है।

(15) अगर निविदाकार को क्रय आदेश जारी होने के पूर्व राज्य शासन का कोई सामग्री क्रय हेतु नियम/आदेश/अध्यादेश/अधिनियम प्रभाव में आ जाता है, जो इस निविदा की शर्तो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, तो यह निविदा निरस्त की जा सकती है।

(16) जिन निविदाकारों को कोई क्रय आदेश प्राप्त नहीं होते हैं, उन्हें उनकी सुरक्षा निधि तुलनात्मक पत्र बनने के उपरांत लौटा दी जायेगी, अन्य निविदाकारों को संपूर्ण प्रक्रिया होने पर नियमानुसार आंशिक या पूर्ण सूरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।

(17) यदि निविदाकार छ0ग0 में स्थित व छ0ग0 वाणिज्य कर अधिनियम से पंजीकृत कार्यालय से सामग्री प्रदाय करते हैं, तो उन्हें सामग्रीयों पर छ0ग0 राज्य द्वारा लगाये वाणिज्य करों की स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है।

(18) संस्था हित में निविदा की शर्तो में किसी भी समय युक्ति–युक्त संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षर कर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(19) यह प्रपत्र हस्तांतरणीय नहीं हैं। डाक की वजह से हुई देरी हेतु संस्था जिम्मेदार नहीं होगी।

(20) निविदाकार न्युनतम मूल्य को नीचे दी गई सारणी में शब्दों एवं अंकों में अवश्य लिखें, एवं इसमें कोई सुधार किया गया न हो।

(21) क्रय की जाने वाली सामग्रीयों की संख्या एवं कुल क्रय की राशि घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।

(22) निविदाकार के निविदा भरने से ही यह मान लिया जायेगा कि उसे निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार है। निविदाकार ऐसी कोई शर्ते नहीं डालेगा जो निविदा शर्तों के विपरित हो, ऐसी शर्ते अमान्य है।

(23) निविदाकार को यह बताना आवश्यक है कि वह निम्न सूची में वर्णित विभिन्न प्रकार की सामग्रीयों को कितने दिन में प्रदाय कर देंगे। अगर दो निविदाकारों का न्युनतम मूल्य बराबर है, तो क्रय आदेश उस निविदाकार को दिया जायेगा जो शीघ्रता से सामग्री प्रदाय कर सकें।

(24) प्रदाय के समय निविदाकारों को सामग्रीयों की कीमत का नवीनतम कैटलॉग देना होगा एवं सामग्रीयों की कीमतें उसी से सत्यापित की जायेगी।

(25) प्रदाय की गई सामग्रीयों के बिल तीन प्रतियों में उपलब्ध कराना होगा।

(26) सामग्रीयों के भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक रजिस्टर में एन्ट्री के बाद ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा।

(27) जी.एस.टी. का पंजीकरण होना अनिवार्य है इस हेतु प्रमाण पत्र संलग्न करें।

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
जगदलपुर (छ0ग0)

Office of the Principal Govt. Engg. College Jagdalpur
07782 229439 fax 07782 229401 E-mail ;principal@gecjdp.ac.in

| S.N. | Name of the Items | Specification | Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | Drawing board | Made of seasoned pinewood with strong battens at the back superior quality size 815X585X15mm | 100 No. |
| 2 | Mini Drafter | Made of steel rod aluminum coated thick clamp & plates large size riveted power coated frame with embraceable scale in canvas cover. | 100 No. |
| 3 | calculator | Scientific FX-991 ES plus 15 digit. | 100 No. |
| 4 | Engineering instrument box 12 precision good quality | | 100 No. |
| 5 | Drawing sheet Paper white size 55X70 cm. | | 4000 No. |
| 6 | Set Square with protector big size. | | 100 No. |
| 7 | Roll-N-draw Plastic 30 cm. | | 100 No. |
| 8 | File folder display book A4 size 20 left. | | 100 No. |
| 9 | Stencil scale Plastic 30 cm. | | 130 No. |
| 10 | Note book 192 page (long copy) paper A grade | | 3000 No. |
| 11 | Note book 96 page (long copy) paper A grade | | 3000 No. |
| 12 | Practical Note book 96 page paper A grade. | | 3000 No. |
| 13 | Drawing clip steel set of four. | | 100 Set |
| 14 | Clips file spring type. | | 3500 No. |

22-08-17

Principal
Govt. Engg. College Jagdalpur
Bastar (C.G.)